भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2101

सोमवार, 2 दिसम्बर, 2019/11 अग्रहायण, 1941 (शक)

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल

2101. श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कई जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) औषधालय नहीं हैं;

(ख) आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों दोनों के किन जिलों में ईएसआई औषधालय नहीं हैं;

(ग) क्या सरकार की विशेष रूप से उन जिलों में नए ईएसआई औषधालय आवंटित करने की कोई योजना है जिनमें ऐसे औषधालय नहीं हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) और (ख) : आंध्र प्रदेश के 13 जिलों में तथा तेलंगाना के 15 जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) औषधालय स्थित हैं। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में औषधालयों की सूची अनुबंध पर है।

(ग) और (घ) : किसी क्षेत्र/ जिले में नए ईएसआई औषधालय आवंटन का अनुमोदन संबंधित राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त करने बाद, ईएसआईसी मानकों के अनुसार किया जाता है।

वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

* ****

<u>अनुबंध</u>

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के संबंध में श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण द्वारा दिनांक 02.12.2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2101 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

आंध्र प्रदेश में औषधालय

क्र.सं.	**जिले का नाम**
1.	अनंतपुर
2.	चित्तूर
3.	कडपा
4.	कुरनूल
5.	नेल्लोर
6.	प्रकासम
7.	गुंटूर
8.	कृष्णा
9.	पश्चिम गोदावरी
10.	पूर्व गोदावरी
11.	विशाखापट्टनम
12.	विजयनगरम
13.	श्रीकाकुलम

तेलंगाना में औषधालय

क्र.सं.	**जिले का नाम**
1.	भद्राद्री कोठागुडम
2.	हैदराबाद
3.	कोमाराम भीम
4.	मेहबूबनगर

5.	मंचियाल
6.	मेडक
7.	मेद्चल
8.	नालगोंडा
9.	निर्मल
10.	निजामाबाद
11.	पेद्दापल्ली
12.	रंगारेड्डी
13.	संगारेड्डी
14.	वारंगल अर्बन
15.	यदाद्री भुवनगरी।

****